खोल, शल्क और त्वचा

डेरेक मिलर

जानवरों को सुरक्षित रहना ज़रूरी है. क्योंकि दूसरे जानवर उन्हें खाने की कोशिश कर सकते हैं!

कुछ जानवरों के पास खोल (शेल) होते हैं.

खोल उनकी रक्षा करते हैं.

खोल सख्त होते हैं.

उन्हें तोड़ना मुश्किल होता है.

दूसरे जानवर खोल के अंदर की चीज़

नहीं खा सकते.

कछुओं के पास खोल होते हैं.

जब कछुए डर जाते हैं,

तो वे अपने खोल के अंदर छिप जाते हैं.

उनके खोल उन्हें सुरक्षित रखते हैं.

कुछ जानवरों के पास

शल्क (स्केल्स) होते हैं.

शल्क सख्त होते हैं.

शल्क उनकी रक्षा करते हैं.

साँपों के पास शल्क होते हैं.

शल्क उनकी चलने में मदद करते हैं.

शल्क उन्हें छिपने में मदद करते हैं.



कुछ जानवरों की त्वचा होती है.

त्वचा मुलायम होती है.

इंसानों की त्वचा होती है.

त्वचा आपके अंदरूनी हिस्सों की रक्षा करती है.

त्वचा कीटाणुओं को बाहर रखती है.

चोट लगने के बाद त्वचा ठीक हो जाती है.

खोल और शल्क

जानवरों की रक्षा करते हैं.

त्वचा भी सुरक्षा में मदद करती है!